**बिहार सरकार**
**उद्योग विभाग**

# उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना

उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना के द्वारा बिहार क्राफ्ट फेयर का आयोजन दिनांक–03.10.2022 से 09.10.2022 तक साइंस सिटी, कोलकाता में किया जाना है। इस आयोजन के अवसर पर विभिन्न कार्य सम्पन्न कराने हेतु निबंधित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों/इभेंट मैनेजर से दिनांक 29.09.2022 को 02:00 बजे अपराह्न तक उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना–13 के कार्यालय में निविदा प्राप्त की जायेगी, जिसे उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में सभी निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निदेशक, संस्थान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ट में निविदा खोली जाएगी।

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदादाता की इकाई श्रम एवं नियोजन विभाग से निबंधित होनी चाहिए (प्रमाण–पत्र की छायाप्रति)।
2. इस प्रकार के आयोजन के लिए अंतरराज्यीय मेला/प्रदर्शनी के कार्य का अनुभव (प्रमाण–पत्र सहित)।
3. निविदादाता को विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक करोड़ रू0 टर्न ओभर का प्रमाण–पत्र (सी0ए0 द्वारा प्रमाणित)।
4. GST एवं PAN का निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. आयकर के अद्यतन भुगतान की छायाप्रति।
6. निविदा के साथ सुरक्षित राशि के रूप में 50,000/– (पचास हजार) रूपये का बैंक ड्रॉफ्ट देना होगा जो निदेशक, उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना के नाम देय होगा। बैंक ड्रॉफ्ट तकनीकी निविदा के साथ देना होगा। सुरक्षित राशि Refundable है।
7. तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा को अलग–अलग मुहर बंद लिफाफे में देनी होगी। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफें में सील बंदकर जमा करना होगा। जो तकनीकी वीड में सफल निविदादाता होगें, उनकी ही वित्तीय वीड खोली जाएगी। वित्तीय वीड में एक मुश्त दर सभी करों के सहित उद्धृत किया हुआ होना चाहिए।
8. इभेंट मैनेजर के द्वारा 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा करेंगे कि निविदा में दिए गए सभी जानकारी सही है।
9. सफल इंभेन्ट मैनेजर/प्रतिष्ठान को किसी भी प्रकार का अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। उनके द्वारा किए गए कार्यो के विरूद्ध कुल देय राशि एवं सुरक्षित राशि का भुगतान मूल्यांकन समिति के अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त ही आयोजन समाप्ति के बाद किया जाएगा।
10. प्रस्तावित फेयर की तिथि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है ।
11. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निदेशक ,संस्थान, पटना के पास सुरक्षित रहेगा ।

Nividha-111

12. किसी प्रकार की जानकारी के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना के दूरभाष सं0–**0612–2262482** पर प्रत्येक कार्य दिवस में 10.00 AM से 5.00 PM तक सम्पर्क किया जा सकता है।

14. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

15. आयोजन के संबंध में लगने वाले किसी भी प्रकार के कर का भुगतान सफल निविदादाता/संवेदक को करना होगा ।

16. किसी भी कार्य दिवस को ले आउट/डिजाईन, मेनू इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

17. संलग्न कार्य विवरणी के अनुसार कार्य किया जाना होगा।

18. फर्म काली सूची में दर्ज नहीं होनी चाहिए। इसका शपथ–पत्र निविदा के साथ जमा करना होगा।

19. सभी प्रकार की स्वीकृति (नगरनिगम/पुलिस विभाग/अग्निशमन विभाग/विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग) इभेंट मैनेजर के द्वारा सुनिश्चित होना चाहिए।

M 20.09.22

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।

# कार्य–विवरणी

## बिहार क्राफ्ट फेयर

03 से 09 अक्टूबर, 2022

साइंस सिटी, कोलकत्ता।

| क्र0स0 | कार्य | कार्य की विवरणी | अनुमानित व्यय राशि (निविदादाता के द्वारा भरा जाना है) |
|---|---|---|---|
| 1. | हैंगर का निर्माण | 60 X 100 का 2 अदद्, प्लाई प्लेटफॉम सहित।<br>(नोटः– हैंगर का प्रकार स्पष्ट करें।) | |
| 2. | **क.)** मुख्य द्वारा के फेशिया के निर्माण (4 डी पर आधारित ) का डिजाईन अनुसार प्लाई, लकडी, बीट, बाँस–बल्ला,,दोनों साईड कपडे से कभर ट्रांसलाईट आदि से निर्मित फूलों से पूर्ण सजावट के साथ (प्लान तथा डिजाइन के अनुसार दर सम्पूर्ण मेला तक) ।<br>**ख.)** एक मिनी गेट (प्लान तथा डिजाइन के अनुसार दर सम्पूर्ण मेला तक) । | | |
| 3. | स्टॉल निर्माण। | 10'X 10' 80 अद्द<br>प्रत्येक स्टॉल में 03 टेबुल एवं 02 फाईवर कुर्सी।<br>प्रत्येक स्टाल में 02 ट्यूब लाईट एवं एक सिलिंग फैन। कारपेट पूरे परिसर में एवं स्टॉल सहित पूर्ण सजावट के साथ। | |
| 4. | **(क)** कार्यालय कक्ष का निर्माण प्लाई बोर्ड पर आधारित एवं सिलिंग वाटर प्रुफ कारपेट सहित।<br><br>**(ख)** वी0आई0पी0 कक्ष का निर्माण बोर्ड एवं प्लाई बोर्ड पर आधारित एवं सिलिंग वाटर प्रुफ कारपेट सहित।<br>(प्लान तथा डिजाइन के अनुसार दर सम्पूर्ण मेला तक)। | **(क)** कार्यालय कक्ष 10' X 15' प्लेटफॉम/प्लाई बोर्ड पर आधारित 8 इंच प्लेटफार्म के साथ)<br>08 सामान्य टेबुल कपड़ा सहित<br>12 फाईवर कुर्सी<br>08 ट्यूब लाईट,<br>02 सिलिंग फैन<br>02 विद्युत प्वाइंट<br>**(ख)** वातानुकूलित वी0आई0पी0 कक्ष 20'X15' प्लेटफॉम/ प्लाई बोर्ड पर आधारित 8 इंच प्लेटफार्म के साथ)<br>1.5 टन का 2 ए0सी0<br>शौचालय (पानी टैंक के साथ)<br>सौफा सेट 04 अदद, सेन्टर टेबुल 03 अदद<br>वी.आई.पी. कुर्सी कभर सहित 15 अदद<br>भोलवेट कारपेट सहित, विद्युत ट्यूब 4 अद्द सिलिंग फैन 04 अदद, विद्युत प्वांट सहित। | |
| 5. | जनरेटर (दर सम्पूर्ण मेला तक) | साइलेट जनरेटर 50 क0भी0ए0 ईधन एवं आपरेटर सहित पूण मेला अवधि के लिए। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | विद्युत व्यवस्था<br>1. हैलोजन लाईट 500 वाट<br>2. मेटल लाईट 1000 वाट<br>3. ट्यूब लाईट,<br>4. विद्युत ग्लोब<br>5. पैनल बोर्ड<br>6. कार्यालय माईक<br>7. सिंलिंग फैन<br>8. सी एफ एल बल्ब (दर सम्पूर्ण मेला तक)<br>**(नोटः–** सभी विद्युत सामान आवश्यकता अनुसार लगाना है, कम पाये जाने पर मेले में ... . भी लगवाना पड़ सकता है।) | दर सम्पूर्ण आयोजन अवधि तक। | |
| 7. | कारपेट (दर प्रति वर्ग फीट सम्पूर्ण मेला प्रागंण में ) | उद्योग मंडप में रेड एवं ग्रीन कारपेट की व्यवस्था<br>(सम्पूर्ण आयोजन अवधि तक) | |
| 8. | सुरक्षा व्यवस्था (दर सम्पूर्ण मेला अवधि तक के लिए )दिन रात | सुपरभाइजर – 01, गन मैन – 04<br>गार्ड – 04 | |
| 9. | मेला प्रांगण में सफाई, पेय जल एवं चलंत शौचालय (20 केबीन) पानी एवं पानी टंकी सहित व्यवस्था (दर सम्पूर्ण मेला तक) | सफाई कर्मी 04 प्रति दिन, पानी टेंकर 02 प्रति दिन | |
| 10. | फायर फाईटिंग (दर सम्पूर्ण मेला तक ) | 30 फायर सिलेंडर ऑपरेटर सहित | |
| 11. | लोहे के स्टैण्ड के साथ फ्लैग्स 7' X 4' | 10 अदद। | |
| 12. | फ्लैग (दर सम्पूर्ण मेला तक ) | 30 अदद विभिन्न रंगों में सिल्क कपडा का झंडा /30 फीट लम्बा रड में 3' X 3'में । | |
| 13. | डस्टबीन (दर सम्पूर्ण मेला तक ) | 20 अदद | |
| 14. | उदघाटन सामग्री | फूल माला, बुके, पंचदीप, फीता, कैंची, घी, एवं अगरबत्ती आदि। | |
| 15. | अल्पाहार एवं विस्लरी वाटर (दर सम्पूर्ण मेला तक) | उदघाटन के दिन<br>अल्पाहार 200 पैकेट (मेनू के अनुसार ) चाय/काफी 200 कप /विस्लरी वाटर 200 ग्लास ।<br>अल्पाहार 10 पैकेट मैनू के अनुसार प्रति दिन ।<br>प्रत्येक दिन 20 लीटर का 10 विसलरी वाटर जार।<br>20 विसलरी वोतल प्रत्येक दिन मेला अवधि तक /चाय 50 कप चाय प्रति दिन मेला अवधि तक। समापन के दिन<br>अल्पाहार 50 पैकेट मैनू के अनुसार विस्लरी वाटर 50 ग्लास। | |
| 16. | घेरावंदी सम्पूर्ण मेला परिसर | कॉरगेटेड सीट एवं बास–बल्ला से 10 फीट की ऊँचाई तक की घेराबंदी सम्पूर्ण मेला अवधि तक। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | प्रमोशन | शहर के चिन्हित एवं महत्त्वपूर्ण जगहों पर 10 X 20 वर्ग फीट का होडिंगस 20 पीस लोहे फ्रेम के साथ आयोजन से 04 दिन पूर्व से ही, रेडियों पर प्रचार–प्रसार, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी सम्पूर्ण मेला तक एवं सम्पूर्ण मेले का 10 मिनट का विडियों। | |
| 18. | संस्थान के प्रतिनियुक्त पदा0/कर्मियों हेतु व्यवस्था | संस्थान के प्रतिनियुक्त पदा0/कर्मियों के आवासीय हेतु व्यक्तिगत रूम, दिन–रात का भोजन, नास्ता, चाय एवं कॉफी। | |
| 19. | वाहन | एक XUV गाड़ी ईंधन एवं डाईवर सहित। सम्पूर्ण मेला | |
| 20. | सी0सी0टी0वी0 कैमरा | सम्पूर्ण मेला का रिकॉडिंग, CCTV 25 अदद्। | |
| 21. | सांस्कृतिक कार्यक्रम | प्रत्येक दिन संध्या में दो घण्टा शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्थान की सहमति से किया जायेगा। स्टेज 32 X 20 X 04 वर्गफीट बैकड्रॉप के साथ। वीआईपी कुर्सी 50 पीस, सामान्य कुर्सी 200 पीस, सेन्टर टेबुल 6 पीस सहित। | |
| 22. | **क्र सं0 01 से क्र सं0 21 तक की कुल राशि GST सहित** | | |

**नोट**:–1. कार्य एवं ले–आउट प्लान संबंधी विशेष जानकारी उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है ।

2. उपरोक्त कार्यों पर होने वाले कुल व्यय की राशि कार्य क्र0सं0 के अनुरूप अवश्य अंकित करें ।
3. मेला परिसर भूमि को समतल (लेबलिंग) संवेदक को करना होगा ।
4. प्राकृतिक आपदा की स्थिति में स्टॉल/प्रदर्शनी के क्षतिग्रस्त होने पर संवेदक को उसका पुनर्निमान करना होगा। इस पुर्ननिर्माण के लिए अलग से कोई राशि नहीं दी जायेगी।
5. 02 अक्टूबर, 2022 को रात्रि 10 बजे तक उद्योग मंडप को पूर्ण साज–सज्जा के साथ संस्थान को हस्तगत करा देना होगा।

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।
20/9/22

ज्ञापांक 1242 / पटना, दिनांक 20.09.2022

प्रतिलिपि :– श्री राहुल कुमार, IT/MIS Expert, EPCH को निदेश दिया जाता है कि उक्त कार्य विवरणी को संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।
20/9/22

Praveen/Letter B-769